**दिनांक 25.07.2023 को सम्पन्न साप्ताहिक विभागीय समीक्षा बैठक (VC) में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से संबंधित कार्यवाही :–**

1. **BHUVAN Portal के संबंध में** :–

BHUVAN Portal पर प्रमण्डलों द्वारा किये जा रहे त्रुटियों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि प्रमण्डलों की प्रगति असंतोषजनक है। इस कार्य में सबसे धीमी प्रगति वाले 10 कार्य प्रमण्डल मढ़ौरा (70.10%), वायसी (65.10%), समस्तीपुर (63.30%), जयनगर (62.50%), सिवान–1 (61.30%), लखीसराय (59.80%), औरंगाबाद (57.00%), झाझा (56.90%), बेनीपट्टी (56.70%) एवं मोतिहारी (55.80%) हैं, जिनका दर्शाया गया प्रतिशत कार्य upload किया जाना लम्बित है।

**निदेशः**– बैठक में सभी कार्य प्रमण्डलों को निदेशित किया गया कि इस कार्य को हर हाल में 31 जुलाई 2023 तक पूर्ण कर लिया जाये अन्यथा प्रमण्डलों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई प्रारम्भ कर दी जायेगी।

2. **GPS based VTS के संबंध में** :–

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III के अंतर्गत पथों के निर्माण के दौरान कार्यरत वाहनों machinery/equipment में GPS enabled के installation कार्य की समीक्षा की गयी जिसमें यह पाया गया कि 325 कार्यरत पथों में से मात्र 286 पथों में 624 GPS enabled VTS को install किया गया है।

**निदेशः**–बैठक में सभी कार्य प्रमण्डलों को निदेशित किया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III के तहत शेष बचे 39 पथों में कार्यरत, न्यूनतम 1 machinery/equipment में GPS enabled VTS के installation 31 जुलाई 2023 तक पूर्ण कर लिया जाय, अन्यथा OMMAS पर इन योजनाओं का भुगतान freeze होने की संभावना है।

3. **eMARG के संबंध में** :–

PMGSY योजनान्तर्गत पंचवर्षीय रूटीन अनुरक्षणाधीन पथों का Bi-monthly Routine Inspection eMARG के माध्यम से किया जाना है। माह जुलाई–2023 में अब तक किये गये Bi-monthly Routine Inspection कार्य नहीं करने वाले शीर्ष 10 defaulter कार्य प्रमंडल, भभुआ (22 RI), औरंगाबाद (11 RI), टिकारी (09 RI), मोतिहारी (08 RI), पूर्णिया (06 RI), धमदाहा (07 RI), सिमरी–बख्तियारपुर (05 RI), महराजगंज (04 RI), अररिया (04 RI) एवं कटिहार (04 RI) है।

**निदेशः**–सभी कार्य प्रमंडलों को निदेश दिया गया कि आने वाले माह एवं जुलाई–2023 में किये जाने वाले शेष Bi-monthly Routine Inspection को शत प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

4. **Works to be foreclosed under PMGSY-I**

कार्य प्रमंडलों के द्वारा विभिन्न समीक्षा बैठकों में PMGSY-I अन्तर्गत 31 कार्यों को यथास्थिति में बंद किये जाने की आवश्यकता बतायी गयी है।

NRIDA/MoRD से foreclose किये जाने हेतु मांगे गये वांछित प्रतिवेदन के आलोक में कार्यों की पूर्ण विवरणी यथा, foreclose के लिये प्रस्तावित लम्बाई, इसका कारण, व्यय विवरणी के साथ कराये गये कार्य की परतवार विवरणी, पथ की अद्यतन स्थिति एवं पथों को पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित किये गये मामलों में भी पथों की अद्यतन स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन सहित प्रभार प्रतिवेदन की माँग संबंधित कार्य प्रमंडल

के कार्यपालक अभियंताओं से की गयी थी, परन्तु कार्य प्रमंडल, दाउदनगर (01 पथ), बिरौल (01 पथ) एवं शेखपुरा (01 पथ) से प्रतिवेदन अप्राप्त है।

**निदेशः–** सभी संबंधित कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को foreclose किये जाने वाले पथों/पुलों के प्रस्ताव पूर्ण विवरणी के साथ 02 (दो) दिनों के भीतर उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया गया।

5. **Unspent balance of PMGSY Programme fund**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडलों के पास कुल 298.80 करोड़ की अव्यवहृत राषि का प्राधिकार लम्बित है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्य प्रमंडल, वायसी (32.00 करोड़), सीतामढ़ी एवं शिवहर (20.68 करोड़), भागलपुर (18.37 करोड़), बारसोई (10.67 करोड़), अररिया (10.66 करोड़), उदाकिशुनगंज (9.88 करोड़) सिमरी–बख्तियारपुर (9.52 करोड़) सिवान–1 (6.86 करोड़), पुपरी (6.57 करोड़) एवं सहरसा (6.36 करोड़) में सबसे अधिक अव्यवहृत राशि लम्बित है।

**निदेशः–** सभी संबंधित कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि 31 जुलाई 2023 तक लम्बित अव्यवहृत राशि का या तो उपयोग कर लें अथवा योजनावार इसका प्रत्यर्पण किया जाना सुनिश्चित करें। यह भी बताया गया कि जिनके पास राशि लम्बित रहेगी उनका प्राधिकार रोक दिया जायेगा।

6. **भौतिक रूप से पूर्ण कार्यों के अंतिम विपत्र का निष्पादन**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत भौतिक रूप से पूर्ण 260 कार्यों को वित्तीय रूप से पूर्ण किया जाना लम्बित है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 27 अंतिम विपत्र 500 या उससे अधिक दिनों से लम्बित हैं।

**निदेशः–** सभी संबंधित कार्य प्रमंडलों को निदेशित किया गया कि 31 जुलाई 2023 तक लम्बित अंतिम विपत्रों का निष्पादन सुनिश्चित करें।

7. **Unspent balance of 5-year routine maintenance fund**

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत कार्य प्रमंडलों के पास कुल 99.27 करोड़ की Unutilized amount लम्बित है। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद (5.23 करोड़), सीतामढ़ी (4.64 करोड़), वायसी (3.93 करोड़), मोतिहारी (3.78 करोड़), झाझा (3.56 करोड़), गया (2.97 करोड़) बांका–2 (2.95 करोड़) शेरघाटी (2.72 करोड़) पुपरी (2.69 करोड़) एवं झंझारपुर (2.66 करोड़) में सबसे अधिक अव्यवहृत राशि लम्बित है।

**निदेशः–** सभी संबंधित कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि 31 जुलाई 2023 तक लम्बित अव्यवहृत राशि का या तो उपयोग कर लें अथवा योजनावार इसका प्रत्यर्पण किया जाना सुनिश्चित करें। यह भी बताया गया कि जिनके पास राशि लम्बित रहेगी उनका प्राधिकार रोक दिया जायेगा।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता)

**MIS**

इस कार्यवाही में Civil Works Pending Index (CWPI) के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया की CWPI में सूचीबद्ध 43 division के योजनाओं में से 19 division से ही अद्यतन रिपोर्ट आई है। इसमें निदेश दिया गया कि बाकी division

दिये गये format में प्रविष्टि कर ससमय मुख्यालय को अपना प्रतिवेदन भेज दिया साथ ही हरके स्टेज यानी P1 से P6 के लिए (Reason of dely) भी साथ देंगे।

सभी कार्य प्रमंडल को विभागीय MIS में पहले से की गई गलत प्रविष्टि (भौतिक एवं वित्तीय प्रगति) को अविलंब सुधार करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता)

**MR**

- Review of new field created on departmental MIS regarding out of maintenance road.
- Review of Physical and Financial Progress.

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता)

**FDR**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के कार्यपालक अभियंता को बताया गया कि जिन पथों से पानी उतर रहा है एवं पथ में कटाव नहीं हुआ है तो इसे Google Sheet (Column-9 एवं 10) से Data को update कर दें।

Drone Videography को Upload करने के संबंध में बताया गया कि MIS में इसकी व्यवस्था की जा रही एवं इसे आज शाम से upload किया जा सकता है।

जिन पथों में कटाव हुआ है एवं आवागमन अवरूद्ध है। उन पथों में प्राथमिकता आधार पर आवागमन चालू करने की व्यवस्था करें।

**MMGSY**

सभी Pending final bill को पूरा करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता)

नाबार्ड (राज्य योजना)

राज्य योजनान्तर्गत 390 पुलों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। इसके आलोक में कार्य प्रमंडल, बायसी, बेनीपट्टी, चकिया, फारबिसगंज, गया, गोपालगंज, हाजीपुर, हथुआ, झाझा, किशनगंज–1, मढ़ौरा, महराजगंज, महुआ, मनिहारी, मोतिहारी, मुजफ्फरपुर पूर्वी–2, नीमचकबथानी, पुर्णिया, समस्तीपुर एवं सुपौल द्वारा प्राक्कलन की मॉग की गयी एवं एक सप्ताह के अंदर प्राक्कलन समर्पित करने का निदेश दिया गया है। Final Bill Payment Status on MIS की समीक्षा की गयी।

(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता/अधीक्षण अभियंता)

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

(अमरेन्द्र कुमार सिन्हा)
अभियंता प्रमुख

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक— 4029 /दिनांक 31/07/2023

प्रतिलिपि :— अधीक्षण अभियंता, सभी कार्य अंचल/कार्यपालक अभियंता, सभी कार्य प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/7/23

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक— 4029 /दिनांक 31/07/2023

प्रतिलिपि :— सभी मुख्य अभियंता एवं नोडल पदाधिकारी, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

31/7/23

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक— 4029 /दिनांक 31/07/2023

प्रतिलिपि :— आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेव साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

31/7/23

अभियंता प्रमुख